Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 13-03-2006

Participants : Sumbrui Shri Bagun

an>

Title : Need to construct roads under Pradhan Mantri Gramin Sadak Yojna in tribal backward areas of Jharkhand.

श्री बागुन सुम्बरूई (सिंहभूम) : महोदय, प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना से जनजाति बहुल अत्यंत पिछड़े क्षेत्रों की ग्रामीण सड़कों के निर्माण के लिए विशो प्रावधान किया जाए, ताकि सुदूर जंगली क्षेत्रों के गरीब जनजाति के लोग प्रखण्ड मुख्यालय, जिला मुख्यालय एवं प्रमण्डल मुख्यालय से जुड़कर राट्र की मुख्यधारा में शामिल हो सकें। सरकार एवं माननीय प्रधान मंत्री जी की भारत निर्माण योजना का लाभ जनजाति बहुल जंगल क्षेत्र की पिछड़ी गरीब ग्रामीण आबादी तक पहुंचाने के लिए झारखण्ड के (1) प्रमण्डल मुख्यालय चाईबासा से टोन्टो प्रखण्ड के पुश्नापानी होते हुए बुण्डू तक 57 कि.मी. पथ एवं पुल निर्माण (2) टोन्टो प्रखण्ड के वान्दाबेड़ा से नोवामुण्डी प्रखण्ड के बुरूवोड़ता तक 15 कि.मी. पथ एवं पुल निर्माण (3) टोन्टो प्रखण्ड के उदलखाम से नोवामुण्डी प्रखण्ड के बुरूवोड़ता तक 08 कि.मी. पथ एवं पुल निर्माण तथा (4) टोन्टो प्रखण्ड के मृगलिन्डी चौक से नोगड़ा तक 11 कि.मी. पक्की सड़क एवं पुल निर्माण योजना की स्वीकृति प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत विशो प्रावधान के तहत प्रदान कराने की कार्रवाई यथाशीघ्र कराई जाए।

---

* Treated as laid on the Table.